The work on the vessels at berth except those carrying liquid cargo and defence cargo came to standstill. In addition, a number of vessels also waited in stream. On 39th July, 1987, 21 vessels were idling at berths. 21 ships were waiting for berths and 1 were in stream which were not ready for berthing.

The dispute was taken in conciliation by the Regional Labour Commissioner(C), Bombay. These proceedings were continued by the Deputy Chief Labour Commissioner(C) at Bombay and thereafter, by the Chief Labour Commissioner (c) at New Delhi. Thereafter during discussions held by Secretary, Ministry of Surface Transport, an understanding was reached and the strike was called off from 31st July, 1987.

सोवियत संघ में भारत महोत्सव में उत्तर प्रदेश का दल

2828. **डॉ० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सोवियत संघ में भारत महोत्सव के लिए उत्तर प्रदेश से कितने प्रतिनिधियों तथा सांस्कृतिक संस्थानों को भेजा गया है ;

(ख) सोवियत संघ के किन-किन शहरों में वे अपने कार्यक्रम प्रदर्शित कर रहे हैं ; और

(ग) उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) उत्तर प्रदेश के लगभग 97 अभिनय कलाकार सोवियत संघ में भारत महोत्सव में भाग ले रहे हैं अथवा लेंगे । उत्तर प्रदेश की किसी भी सांस्कृतिक संस्था को महोत्सव के लिए नहीं भेजा गया है ।

(ख) एक विवरण-पत्र संलग्न है ।

(ग) इन प्रदर्शनों में लोक नृत्य, शहनाई, बाँसुरी, कत्थक, कव्वाली और कंठ-संगीत को प्रस्तुत किया जाएगा ।

सोवियत संघ के निम्नलिखित शहर/नगर प्रदर्शन के स्थल होंगे :—

शहर/नगर	वहां प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम
मास्को, विलियस, रीगा तालिन, कवि ।	शहनाई वादन
ताशकन्द, फ्रन्जे, अलमा अता, जम्बल, चिमकेन्ट, नुकूस, मास्को	बांसुरी वादन
ताशकंद, दुशांबे, आशखाबाद, मारी, चारजोऊ, ताशौज, नुकस, मास्को	कत्थक नृत्य
ताशकंद, मिनिरालनी वोदी, प्यातीगोरस्क, एसेन्तुकी झेलेजनोवोटस्क, किसलोलोवोदस्क, चेरकेत्लकमैकोप, स्टाकरोपोल, एलिस्ता ।	कत्थक नृत्य
ताशकंद, खोबारोवस्क, उलान उदे, इरकुत्सक, केमेरोवो, नोवोसीबरस्क, ताशकंद ।	लोक नृत्य
ताशकंद	कव्वाली
मास्को, दोनेत्स्क, पोलतावा, जापारोझा खारकोव, अस्त्राखान, एलिस्ता, स्तावरोपोल, मास्को ।	शहनाई वादन
मास्को, कीव, ब्रिस्क, विटेबस्क, मोगीलेव कोमेल, स्मोलान्सक, स्कोव	शहनाई वादन
मास्को, ताशकंद, समरकंद, बुखारा, चारदझोई, आशखुदाद, नुकूस, अलमाअता, फ्रुन्जे, ओश, कारेगन्डा, लेसेलोनोग्राद, चिमकेन्ट, मास्को ।	गायन
मास्को, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, सकोव, पेटरोजावोस्क, मुरमानस्क, अरखानगेलस्क, मास्को ।	गायन